सेक्टर 4 स्थित यू प्लैक्स कंपनी में अधिकारियों और कर्मचारियों ने रविवार को कोरोना वैक्सीन लगवाई। • हिन्दुस्तान

epaper
हिन्दुस्तान

सेक्टरों में तेजी से हो रहा टीकाकरण

नोएडा | कार्यालय संवाददाता

शहर में वैक्सीन लगाने का कार्य तेज हो गया है। रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) व (एओए) अपार्टमेंट ऑनरएसोसिएशन निजी अस्पतालों के सहयोग से स्थानीय लोगों को वैक्सीन लगावा रही हैं।

अब तक पांच से अधिक सेक्टरों औरसोसाइटी में वैक्सीन शिविर लगाए जा चुके हैं। उद्यमियों ने भी श्रमिकों के टीकाकरण का कार्य शुरू करा दिया है। फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने बताया कि शहर में सबसे पहले निजी अस्पतालों के सहयोग से सेक्टर-34, 31 व 36 में वैक्सीनेशन शिविर लगाया गया। इसके सेक्टर-27 में शिविर लगाए गए। आने वाले दिनों में सेक्टर-19 व 40 में शिविर लगाए जाएंगे।

सुविधा

- शहर में आरडब्ल्यूए और एओए लगवा रही है वैक्सीनेशन शिविर
- उद्यमियों ने भी श्रमिकों को वैक्सीन लगवाने की शुरुआत की

डीडीआरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एनपी सिंह ने बताया कि सोमवार को सेक्टर-35 में वैक्सीनेशन शिविर लगाया जाएगा। लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है, ताकि जल्द से जल्द अधिकांश लोगों का टीकाकरण हो सके। वैक्सीन ही कोरोना संक्रमण से बचाव कर सकती है।

शहर में कई जगह आरडब्ल्यूए शिविर लगा रहीं : शहर की विभिन्न आरडब्ल्यूए और एओए अपने-अपने सेक्टर व सोसाइटी में वैक्सीनेशन शिविर लगवाने के लिए कतार में लगे हुए है। आईआईए के अध्यक्ष कुलमणि गुप्ता ने बताया कि वैक्सीन को लेकर प्राधिकरण के अधिकारियों से भी वार्ता हुई है। ईएसआई अस्पताल के सहयोग से वैक्सीन लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

छह हजार श्रमिकों का टीकाकरण किया जाएगा : यूफ्लेक्स कंपनी के कानूनी व कॉरपोरेट मामले के अध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया कि फैक्टरी परिसर में 29 मई से 5 जून तक वैक्सीनेशन शिविर चलाया जा रहा है। अब तक छह सौ से अधिक लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। इस दौरान छह हजार श्रमिकों को वैक्सीन लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कोरोना से बचाव के लिए श्रमिकों और अधिकारियों का तेजी से टीकाकरण किया जा रहा है।